# बिहार सरकार
# वित्त (अंकेक्षण) विभाग
# बिहार पटना

**अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्या :– 55/10–11**

**(1) परिचात्मक :–**

**(क)** अंकेक्षणान्तर्गत लेखा का नाम शहीद रामानन्द रामगोविन्द सिंह उच्च विद्यालय, पुनपुन पटना।

(ख) अंकेक्षणान्तर्गत लेखावधि – वर्ष 08–09 से 09–10 तक

(ग) प्रशासी विभाग का नाम – मानव संसाधन विकास विभाग, बिहार

(घ) अंकेक्षण अवधि के नियंत्री पदाधिकारी

का नाम,पदनाम और कार्यालय – श्रीमती किरण कुमारी जिला शिक्षा पदाधिकारी

जिला शिक्षा कार्यालय,पटना (वर्ष 2006 से अद्यतन)

(ड़) अंकेक्षणावधि में लेखा के प्रभारी

पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का नाम

पदनाम तथा कार्याकाल – 1. श्री खोवारी राम, प्रधानाध्यापक (8.2.08 से 31.3.10 तक)

2. श्री सुभाष प्रसाद, लिपिक (2005 से अद्यतन)

3. श्री राहुल कुमार राज लिपिक (4.2.08 से अद्यतन)

(च) अंकेक्षण में सहयोग देनेवाले पदा0

एवं कर्मचारी का नाम,पदनाम — श्री सुभाष प्रसाद,लिपिक।

(छ) अंकेक्षको/वरीय अंकेक्षको के नाम – 1. बीरेन्द्र कुमार पाण्डेय व0 अ0 –1

2. श्री सियाराम सिंह, व0 अ0–2

(ज) अंकेक्षण प्रारभ्भण तिथि – 3.01.2011

(झ) अंकेक्षण समापन तिथि – 31.01.2011

(ञ) अंकेक्षण में व्ययतीत कार्य दिवस – $13\frac{1}{1}$ कार्य दिवस

(ट) अंकेक्षण में प्रस्तुत/अप्रस्तुत

अभिलेखों की सूची – इस प्रतिवेदन के कंडिका 'क' पर

**(ठ) अंकेक्षण का क्षेत्र –**

इस विद्यालय की स्थापना 1936 में ही स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग एवं दान के द्वारा किया गया था। स्वतत्रंता संग्राम के दौरान इस विद्यालय के छात्र पटना सचिवालय पर भारतीय तिरंगा ध्वज फहराने की कोशीश करते समय अंग्रेजो की गोली से शहीद हो गये। उन्हीं के नाम पर इस विद्यालय का नाम शहीद रामानन्द रामगोविन्द सिंह उच्च विद्यालय पुनपुन रखा गया है।

वर्त्तमान में इस विद्यालय का अपना एक विशाल भवन, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला ,कम्प्यूटर कक्ष उपयुक्त उपस्कर सहित खेल मैदान कृषि योग्य भूमि ताड़ पेड़ एवं तालाब है जिसका कुल रकवा 6.02 एकड़ है।

इस विद्यालय का यह सामान्य अंकेक्षण वर्ष 08–09 से 09–10 तक का है। पूर्व में अंकेक्षण हुआ है या नही इसकी जानकारी नही हो सकी क्योंकि अंकेक्षण में पूर्व का कोई अंकेक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध नही कराया गया।

छात्रो की कुल संख्या 1090 है। इस विद्यालय में जुलाई 2008 से कला एवं विज्ञान संकाय में इन्टर की पढ़ाई प्रारभ्भ हुआ है।

अंकेक्षण में प्रस्तुत अभिलेखों की जाँच वित्त (अंकेक्षण) विभाग के ज्ञापांक 3286 दि0 16.9.60 में निहित आदेशानुसार सम्पन्न किया गया। आवंटित कार्य 8 दिन प्रतिवर्ष आवंटित था, परन्तु मु0 ले0 नि0 महोदय के निदेशानुसार 31.1.11 को ही अंकेक्षण कार्य समाप्त कर दिया गया। विद्यालय द्वारा निकासी एवं जमा की गई राशियों का सत्यापन मसौढ़ी उपकोषागार से शत् प्रतिशत् किया गया एवं सही पाया गया।

**(ड़) वित्तीय परिशंसा –**

वित्तीय वर्ष 2008–09 एवं 2009–10 के अन्तर्गत प्राप्त आवंटन एवं व्यय की विवरणी इस प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'ख' पर संलग्न है। केवल वेतन कार्यालय मद के व्यय हेतु सरकार द्वारा आवंटन प्राप्त होता है। विद्यालय के प्रतिदिन के शैक्षणिक एवं अन्य कार्यो हेतु विद्यालय के छात्रों से प्राप्त शुल्क से होता है। मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा निर्धारित छात्र कोष एवं विकास कोष का रख रखाव वर्ष 08–09 के पूर्व डकघर एवं वर्ष 08–09 से पंजाब नेशनल बैंक पुनपुन शाखा के बचत खाता से किया जाता है। रोकड़ पुस्त एवं बैक खाता का व्यौरा निम्नवत् है।

रोकड़पुस्त (6 A) वर्ष 08–09 एवं वर्ष 09–10

1.4.08 – शून्य

31.3.09 – शून्य

1.4.09 – शून्य

31.3.10 – शून्य

यह वेतन मद का खाता है जो कोषागार से विपत्र पास कराकर स्टेट बैंक मीठापुर पटना में विद्यालय कर्मियों के खाते में जमा होता है।

रोकड़ पुस्त में दिनांक 31.3.09, 1.4.09 एवं 31.3.10 को अंकित राशि लिखा गया है। परन्तु उक्त तिथियों को बैंक पास बुक अद्यतन नही पाया गया, पासबुक 7.3.09, 9.4.09 एवं 29.3.10 को अद्यतन किया गया है। जिसके कारण पासबुक एवं रोकड़ पुस्त के राशि में अन्तर है। यही स्थिति छात्रकोष में भी अंकित है।

**विकास कोष वर्ष 08–09 एवं 09–10**

**पंजाब नेशनल बैक पुनपुन बचत खाता सं0 – 2909000100132823**

| | रोकड़पुस्त | – | पासबुक |
|---|---|---|---|
| 1.4.08 | 560680.55 | – | 560680.55 |
| 31.3.09 | 847836.55 | – | 847572.06 (7.3.09) |
| 1.4.09 | 847836.55 | – | 847838.06 (9.4.09) |
| 31.3.10 | 1017127.05 | – | 1016249.06 (29.3.10) |

**छात्रकोष वर्ष 08–09 एवं 09–10**

**पुनपुन डाकघर बचत खाता सं0 – 760499**

| | रोकड़ पुस्त | – | पासबुक |
|---|---|---|---|
| 1.4.08 | 32118.50 | – | 31330.00 |
| | | | 714.00 (7.3.09 खाता बंद शेष राशि खाता में पड़ा है। ) |

**छात्रकोष पंजाब नेशनल बैंक पुनपुन (6.8.08 से प्रारम्भ)**

**बचत खाता सं0 – 2909000101594307**

| | रोकड़ पुस्त | – | पासबुक |
|---|---|---|---|
| 31.3.09 | 10464.00 | – | 9751.00 (9.4.09) |
| 1.4.09 | 10464.00 | – | 9751.00 |
| 31.3.10 | 25325.00 | – | 1146566.00 (1084000.00 साईकिल योजना मद की राशि) |

इन्टर के विकास कोष की छात्रों से प्राप्त राशि को चालान द्वारा 0202 शीर्ष में कोषागार मे जमा किया जाता है तथा छात्र कोष की राशि पंजाब नेशनल बैक पुनपुन के खाता सं0–2909000101597614 में जमा किया गया है।

| | | रोकड़ पुस्त | — | पासबुक |
|---|---|---|---|---|
| 20.2.09 | प्रारभ्भण शेष | 5000.00 | — | 5000.00 |
| 31.3.10 | संवरण शेष | 4040.00 | — | 4040.00 |

अंकेक्षण प्रारम्भण तिथि को रोकड़ पुस्त अद्यतन नही लिखा पाया गया, चूँकि प्रभारी प्रधानाध्यापक के जगह नये प्रधानाध्यापक 30.12.10 को ही योगदान दे चूके थे परन्तु रोकड़ पुस्त का प्रभार नही सौंपा गया था। अतः अंकेक्षण प्रांरभण तिथि को छात्रकोष के रोकड़ पुस्त का भौतिक सत्यापन नही किया गया।

विद्यालय में स्वीकृत बल एवं कार्यरत बल का व्यौरा निम्नवत् पाया गया।

| **क्र0** | **पद का नाम** | **स्वीकृत बल** | **कार्यरत बल** | **रिक्त पद** | **अभ्युक्ति** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधानाध्यापक | 01 | 01 | शून्य | |
| 2 | सहायक शिक्षक | 28 | 24 | 04 | |
| 3 | लिपिक | 02 | 02 | शून्य | |
| 4 | आदेशपाल | 04 | 04 | शून्य | |

विद्यालय में स्वीकृत बल के अन्तर्गत ही कार्यरत बल पाया गया।

मुख्य मंत्री बालिका साईकिल योजना अर्न्तगत वर्ष 2007–08 में विद्यालय के वर्ग नवम् में नामाकिंत कुल 22 छात्राओं के वितरण हेतु प्रति छात्रा 2000 के दर से कुल 44000/= रू0 प्राप्त हुआ था जिसका वितरण वर्ष 08–09 में किया गया। इस राशि को 2000 प्रति छात्रा को बैंक खाता पंजाब नेशनल बैंक पुनपुन में उनके व्यक्तिगत खाते में जमा किया गया था।

मुख्य मंत्री बालिका साईकिल योजना का परिणाम आगे के वर्षो में काफी उत्साहर्वधक पाया गया । वर्ष 08–09 में विद्यालय में 85 छात्राओं का नामाकंन पाया गया। इस वर्ष इस योजना के विद्यालय को 170,000/=रू0 प्राप्त हुआ। इस राशि का वितरण नगद प्रति छात्रा 2000/= के दर से माननीय विधान परिषद सदस्य श्री बालमीकि सिंह एवं पंचायत प्रमुख पुनम देवी के उपस्थिति में किया गया जो भुगतान पंजी में अंकित पाया गया।

वर्ष 09–10 में छात्राओं की संख्या मे उत्तरोत्तर वृद्धि पाया गया। इस वर्ष 136 छात्राओं का नामकंन नवम वर्ग में पाया गया। जिनमें 136 छात्राओं को 2000 प्रति छात्रा के दर से 136X2000=272000/= रू0 का नगद वितरण माननीय विधायक श्री अरूणा माँझी एवं पंचायत प्रमुख पुनपुन पूनम देवी के उपस्थिति में भुगतान पंजी में पाया गया। इस मद में कुल 274000/= रू0 प्राप्त हुआ था शेष रू0 2000/=00 जिला शिक्षा पदाधिकारी पटना को चेक द्वारा वापस किया गया।

वर्ष 09–10 में ही इस विद्यालय को वर्ग नवम् में नामाकिंत कुल 542 छात्रो के लिए साईकिल योजना के तहत कुल रू0 1084000 दिनांक 17.2.10 को प्राप्त कराया गया था, जिसे 31.3.10 तक वितरित नही पाया गया यह राशि विद्यालय के छात्र कोष में जमा पाया गया।

मुख्य मंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति मेधावृति योजना के तहत इस विद्यालय के 11 छात्र एवं 10 छात्राओं को वर्ष 08–09 में मैट्रिक प्रथम श्रेणी में उर्त्तीणता प्राप्त करने हेतु 10,000 प्रति के दर से बैंक ड्राफ्ट द्वारा भुगतान पाया गया।

वर्ष 09–10 में भी इस योजना के तहत इस विद्यालय के 10 छात्राओं एवं 7 छात्र को यह राशि उपलब्ध कराया गया।

विद्यालय के पास 302 एकड़ कृषि योग्य भूमि 0.25 एकड़ में दो तालाब तथा विद्यालय के पीछे 45 ताड़ का पेड़ है जिससे विद्यालय को वर्ष 08–09 एवे 09–10 में कुल (14700+3500+11100=29300) एवं (21100+4100+11600=36800) 66100 की आय प्राप्त हुआ जिसे विद्यालय के विकास कोष खाता में जमा पाया गया।

## भाग –1

### 2. रू0 200.00 बोर्ड रजिस्ट्रेशन मद में कम जमा की राशि वसूली योग्य :–

वर्ष 09–10 के छात्रोपस्थिति पंजी में पाया गया कि दशम 'व' के छात्रो से रजिस्ट्रेशन मद में कुल 17600.00 रू0 संग्रह किया गया था। जबकि सम्बन्धित वर्ग शिक्षक द्वारा 17,400 रू0 ही जमा किया पाया गया। अतः सम्बन्धित वर्ग शिक्षक से रू0 200 वसूल कर छात्र कोष में जमा किया जाय तथा इसकी सूचना वित्त (अंकेक्षण) विभाग को दी जाय।

### 3. रू0 18,368.00 का भुगतान आपत्ति अन्तर्गत :–

वर्ष 08–09 के छात्र कोष के अभिश्रवो रोकड़ पंजी के व्यय पक्ष के जाँच में पाया गया कि विद्यालय के कार्य हेतु विभिन्न सामग्रियों का क्रय किया गया लेकिन भंडार पुस्त का संधारण नही किया हुआ पाया गया जिस कारण सामग्री के क्रय एवं इसका उपयोग की सत्यता की जाँच नही किया जा सका। विवरण इस प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'ग' पर संलग्न है।

अतः भंडार पुस्त का संधारण कर वित्त (अंकेक्षण) विभाग को अवगत कराया जाय, तब तक उपर्युक्त शीर्षांकित राशि आपत्ति अन्तर्गत रखा जाता हैं ।

### 4. रू0 5000.00 का भुगतान आपत्ति अन्तर्गत :–

वर्ष 08–09 के रोकड़ पुस्त (छात्र कोष) के व्यय पक्ष के अभिश्रवों के जाँच में पाया गया कि मनोरंजन शीर्ष से अभिश्रव संख्या 58/09–10 द्वारा रोकड़ पुस्त में दिनांक 26.8.09 को राशि रू0 5000.00 का व्यय शिक्षक दिवस के अवसर पर इस मद से ड्राफ्ट बना कर भेजा गया है जबकि विद्यालय में शिक्षक कोष में छात्रो से पैसा लिया जाता है।

अतः मनोरजंन शीर्ष में शिक्षक कोष से रू0 5000.00 जमा किया जाय तथा इसकी सूचना वित्त (अंकेक्षण) विभाग को भी दी जाय, तब तक उक्त शीर्षांकित राशि को आपत्ति अन्तर्गत रखा जाता है।

**5. रू0 5000.00 परिभम्रण मद की राशि रखे रहना आपत्ति अन्तर्गत** :—

वर्ष 09—10 के छात्र कोष के रोकड़ पुस्त के आय पक्ष के जाँच में पाया गया कि दिनांक 2 9.09 को जिला शिक्षा पदाधिकारी पटना के कार्यालय से रू0 5000/= विद्यालय के छात्र—छात्रओं के परिभम्रण हेतु उपलब्ध कराया जाया था परन्तु इसका व्यय अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक नही किया गया था और न ही वापस लौटाया गया था। नियमानुसार इस राशि का व्यय दि0 31.3.10 तक कर देना चाहिए था अन्यथा यह राशि वित्तीय वर्ष 09—10 के अन्त तक लौटा देना चाहिये था परन्तु ऐसा नही किया गया।

अतः इस राशि का उपयोग किया जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित कार्यालय को उक्त राशि लौटा दिया जाय तथा प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग को अवगत कराया जाय।

**6. रू0 2500.00 ग्रीन कोर की राशि रखे रहना आपत्ति अन्तर्गत :—**

वर्ष 09—10 के छात्र कोष रोकड़ पुस्त के आय पक्ष के जाँच में पाया गया कि विद्यालय को दिनांक 2.9.09 को रू0 2500=00 विद्यालय प्रांगण में वागवानी हेतु उपलब्ध कराया गया था। परन्तु इस राशि का उपयोग अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक नही किया पाया गया।

अतः इस राशि का इस मद में व्यय किया जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित कार्यालय को लौटा दिया जाय तथा प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग को अवगत कराया जाय।

**7. रू0 1342.00 का व्यय आपत्ति अन्तर्गत :—**

छात्रकोष के रोकड़ पुस्त वर्ष 09—10 के व्यय के अभिश्रवों के जाँच में पाया गया कि स्काउट शीर्ष से शिक्षक दिवस के अवसर पर अभिश्रव संख्या 13 भुगतान तिथि दि0 5.11.09 को 61 पीस गमछा का क्रय कर विद्यालय के शिक्षको में वितरण किया गया था।

स्काउट मद में प्राप्त राशि का व्यय स्काउट से सम्बन्धित कार्यक्रमों पर ही होना चाहिए न की शिक्षको के ऊपर, यह व्यय अनियमित है तथा छात्रकोष के दुरूपयोग का मामला है। अतः विभागीय पदाधिकारी इसकी औचित्यता की जाँच कर प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग को अवगत कराये तब तक इस व्यय को आपत्ति अन्तर्गत रखा जाता है।

# भाग –2

**8. कुल रू0 3797.00 अंकेक्षण के दृष्टांत पर वसूली गई राशि :–**

**(क) रू0 3060=00 इन्टर के छात्रो से वसूली गई छात्रकोष में कम जमा राशि :–**

वर्ष 08–09 के इन्टर के शुल्क संग्रह रसीद के जाँच में पाया गया कि विज्ञान संकाय के 33 छात्र एवं कला संकाय के 35 छात्रो से परीक्षा शुल्क मद में 45 रू0 प्रति छात्र 35+33 =68X45 =3060 रू0 छात्र कोष में जमा नही किया था। आपत्ति के अनुपालन में इन्टर के छात्र कोष खाता सं0–2909000101597614 (पंजाब नेशनल बैंक ,पुनपुन) में दिनांक 29.1.11 को जमा किया गया जिसका जमा पर्ची अंकेक्षण में प्रस्तुत किया गया तथा रोकड़ पुस्त में भी प्रविष्टि अंकित किया गया।

**(ख) रू0 737=00 शिक्षा शुल्क में वसूली गई राशि :–**

वर्ष 09–10 के छात्रोपस्थिति पंजी के जाँच में पाया गया था कि विभिन्न वर्गो के छात्रो से वसूली गई राशि से कम राशि (386.00 छात्र कोष तथा 351.00 विकास कोष) विद्यालय कोष में कल 737 रू0 जाम किया गया था। आपत्ति के अनुपालन में रू0 737.00 छात्र कोष तथा विकास कोष के खाताओं के दिनांक 29.1.11 को जमा कर बैंक जमा रसीद अंकेक्षण में प्रस्तुत किया गया तथा रोकड़ पुस्त में भी अंकित किया गया।

सुझावात्मक कंडिका :–

**9. रसीद  बही का भंडार पंजी का संधारण :–**

अंकेक्षण में पाया गया कि वर्ग शिक्षको को आवंटित रसीद बही का भंडार पुस्त का संधारण नही किया गया है । इस कारण शिक्षक रसीद के दुरूपयोग की संभावना रहती है।

**10. सामग्री का भंडार पुस्त का संधारण नही :–**

स्टेशनरी तथा अन्य उपयोगी सामग्री के क्रय पर व्यय सम्बन्धी संधारण हेतु भंडार पंजी का संधारण किया जाय जिससे क्रय की सत्यता एवं उसका उपयोग का जाँच किया जा सके।

**11. प्राप्त चेको का पंजी का संधारण :–**

विद्यालय को विभाग या सरकार के दूसरे विभागों से भी उपलब्ध काराई गई राशि जो चेक के माध्यम से प्राप्त होते है, उसकी विवरण चेक पंजी में संधारण किया जाय ताकि प्राप्त राशि का सत्यापन किया जा सके।

**12. चल संपत्ति के भडांर पंजी का भौतिक सत्यापन :–**

चल सम्पति के भंडार पंजी के जाँच में पाया गया कि कभी भी उपस्कर आदि का भौतिक सत्यापन नही किया गया है। नियमानुसार वित्त नियमावली भाग 1 के नियम 143 एवं 144 के अनुसार कम से कम वर्ष में एक बार कार्यालय प्रधान द्वारा भौतिक सत्यापन कर प्रमाण अंकित किया जाय।

**13. विभागीय पदाधिकारी द्वारा रोकड़ पुस्त या भवन निर्माण का सत्यापन नही किया गया है।**

अंकेक्षण अवधि में पाया गया कि नियंत्री पदाधिकारी द्वारा रोकड़ पुस्त का कभी सत्यापन नही किया गया। अंकेक्षण में पाया गया कि विद्यालय को खेल सामग्री एवं खेल मैदान मद में दिनांक 9. 8.2008 को रू0 2 लाख उपलब्ध कराया गया था। परन्तु विद्यालय द्वारा 2 वर्षो तक पैसा रखकर उसे बिना कार्य कराये 26.11.10 को लौटा दिया गया।

अतः विभागीय पदाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है कि सरकार द्वारा प्रदत राशि का उपयोग ससमय किया जाय इस हेतु सजगता रखी जाय।

**लेखा नियंत्रक**

**वित्त(अंकेक्षण)विभाग,बिहार पटना।**

**मिलान एवं शुद्धिकर्त्ता का हस्ताक्षार**

(1) अलोक कुमार गुप्ता व0 अं0 –2

(2)

*“ NIS’’*

**परिशिष्ट ‘क’ प्रतिवेदन के कंडिका ‘ट’ से सम्बन्धित**

**प्रस्तुत एवं अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची से सम्बन्धित विवरणी :–**

**<u>प्रस्तुत अभिलेख</u>**

1. रोकड़ पुस्त 6A वर्ष 08–09 एवं 09–10
2. विपत्र पुस्त वर्ष 08–09 एवं 09–10
3. सामान्य रोकड़ पुस्त विकास कोष एवं छात्र कोष वर्ष 08–09 एवं 09–10
4. सहायक रोकड़ पुस्त वर्ष 08–09 एवं 09–10
   (क) मनोरंजन
   (ख) विज्ञान
   (ग) बालचर
   (घ) विद्युत
   (ड़) क्रीड़ा
   (च) निर्धन छात्र कोष
   (छ) परीक्षा
   (ज) प्रगति
   (झ) दूरभाष
   (ञ) सफाई
   (ट) शिक्षक निधि
5. वेतन पंजी वर्ष 08–09 एवं 09–10
6. छात्र उपस्थिति पंजी वर्ष 08–09 एवं 09–10
7. दैनिक शुल्क संग्रह पंजी वर्ष 08–09 एवं 09–10
8. अभिश्रव पंजी वर्ष 08–09 एवं 09–10
9. आकस्मिकता पंजी वर्ष 08–09 एवं 09–10
10. रेमिटेन्स पंजी वर्ष 08–09 एवं 09–10
11. चालान की मूल प्रति वर्ष 08–09 एवं 09–10
12. प्रबन्ध समिति की कार्यवाही पुस्तिका वर्ष 08–09 एवं 09–10
13. विद्यालय समिति कार्यवाही पुस्तिका वर्ष 08–09 एवं 09–10
14. आवंटन व्यय पंजी
15. पुस्तकालय भंडार पंजी
16. विज्ञान भंडार पंजी
17. कम्प्यूटर 6 संचिका
18. साईकिल वितरण पंजी एवं अभिश्रव की छाया प्रति वर्ष 08–09 एवं 09–10
19. नामांकन पंजी वर्ष 08–09 एवं 09–10

20. विकास कोष बचत पासबुक संख्या 2909000100132823 पंजाब ने0 बैंक पुनपुन

21. छात्र कोष पास बुक संख्या 2909000101594307 पंजाब ने0 बैंक पुनपुन
22. डाकघर बचत खाता संख्या 760499 पुनपुन
23. इन्टर छात्र कोष पास बुक संख्या 2909000101597614 पी0 एन0 बी0 पुनपुन
24. भंडार पुस्त उपस्कर

**<u>अप्रस्तुत</u>**

1. सेवा पुस्त
2. भंडार पुस्त दैनिक उपयोगित सामग्री
3. शुल्क संग्रह रसीद
4. श्रसीद वही का भंडार पंजी
5. विद्यालय की इतिहास पुस्तिका
6. चेक प्राप्ति पंजी

# परिशिष्ट – ''ख''

## प्रतिवेदन की कंडिका ''ड'' से संबंधित आवंटन एवं व्यय विवरणी

## वर्ष 2008–09

| क्र0 | ईकाई | प्राप्त आवंटन | व्यय | बचत | प्रत्यार्पित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन | 5426138.00 | 5606546.00 | 246645.00 | 246645.00 | ज्ञापांक 29 दि0 14.3.09 द्वारा प्रत्यार्पित |
| 2 | महंगाई भत्ता | 2648850.00 | 2221797.00 | – | – | |
| 3 | यात्रा भत्ता | 100.00 | 100.00 | – | – | |
| 4 | वर्दी | 1000.00 | 1000.00 | – | – | |
| 5 | सामग्री | 1000.00 | 1000.00 | – | – | |
| 6 | कार्यालय व्यय | 200.00 | 200.00 | – | – | |

## परिशिष्ट ''ख''

## प्रतिवेदन की कंडिका ''ड'' से संबंधित आवंटन एवं व्यय विवरणी

## वर्ष 2009–10

| क्र0 | ईकाई | प्राप्त आवंटन | व्यय | बचत | प्रत्यार्पित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन | 9181155.00 | 7366980.00 | 819430.00 | 819430.00 | ज्ञापांक 57 दिनांक 22.3.10 द्वारा प्रत्यार्पित |
| 2 | मंहगाई भत्ता | 840000.00 | 1834745.00 | – | – | |
| 3 | यात्रा भत्ता | 300.00 | 300.00 | – | – | |
| 4 | वर्दी | 1500.00 | 1500.00 | – | – | |
| 5 | सामग्री | 2000.00 | 2000.00 | – | – | |
| 6 | कार्यालय व्यय | 500.00 | 500.00 | – | – | |

## **परिशिष्ट ''ग''**

## **प्रतिवेदन की कंडिका 3 से संबंधित**

| क्र0 | अभिश्रव सं0 वर्ष | सामग्री का नाम | प्रतिष्ठान का नाम | मात्रा | दर | राशि | भुगतान तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1/08—09 | लेटर पैड | विवेक प्रेस साहगंज पटना | 2000/प्रतियाँ | 60 रू0 प्रति सैकड़ा | 1200.00 | 2.4.08 |
| 2 | 3/08—09 | वेतन पंजी,विल फार्म | शक्ति ट्रेर्डस,जमाल रोड पटना | 2 पीस<br>10 पीस | 70/—<br>1 रू0 प्रति | 140.00<br>10.00 | 2.4.08<br>2.4.08 |
| 3 | 6/08—09 | कलम<br>कलम<br>कलम | शक्ति ट्रेर्डस,जमाल रोड पटना | 28 पीस<br>3 पीस<br>2 पीस | 20 रू0 प्रति<br>30 रू0 प्रति<br>15 रू0 पीस | 560.00<br>90.00<br>30.00 | 2.4.08 |
| 4 | 9/08—09 | दैनिक शुल्क संग्रहन पंजी | शक्ति ट्रेर्डस,जमाल रोड पटना | 1 पीस | 65 रू0 पीस | 65.00 | 2.4.08 |
| 5 | 29/08—09 | स्टील,जग,ग्लास | विनोद वर्त्तन दुकान पुनपुन | 2 पीस<br>4 पीस | 80 रू0 पीस 10 रू0 पीस | 160.00<br>40.00 | 27.6.08 |
| 6 | 41/08—09 | कैश मेमो | चन्दन पब्लिकेशन प्रेस खजांची रोड पटना | 100000 प्रति | 550 रू0 प्रति हजार भाड़ा | 5500.00<br>275.00 | 10.1.09 |
| 7 | 43/08—09 | नल से संबंधित सामग्री | माँ दूर्गा हार्डवेयर पुनपुन | — | — | 580.00 | 10.1.09 |
| 8 | 46/08—09 | पेन<br>पेन | संतोष पुस्तक सदन पुनपुन | 31 पीस<br>1 पीस | — | 465.00<br>35.00 | 19.2.09 |
| 9 | 53/08—09 | कब्जा पेच,ताला जंजीर | माँ दूर्गा हार्डवेयर पुनपुन | — | — | 503.00 | 20.3.09 |
| 10 | 4/08—09 | बिजली सामग्री | कुमार इल्कट्रीक हार्डवेयर पुनपुन | — | — | 4220.00 | 10.1.09 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | 5／08—09 | एच0 पी0 क्रापटन का पैनल | माँ दूर्गा हार्डवेयर पुनपुन | — | — | 1950.00 | 10.1.09 |
| 12 | 6／08—09 | रेडिवाटर 7.5 के0 मी0 | माँ दूर्गा हार्डवेयर पुनपुन | — | — | 2020.00 | 10.1.09 |
| 13 | 7／08—09 | — | रवि इल्कट्रीक पुनपुन | — | — | 525.00 | 20.3.09 |

**कुल — 18368.00**